News Clips:-

बतैल आईटीआई में कैंपस इंटरव्यू, 13 को मिली नौकरी

निजी संवाददाता — सरकाघाट

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बतैल में गुरुवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 20 अभ्यर्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। बता दें कि जीएमपी टेक्नीशियन सलूशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा कैंपस साक्षात्कार के माध्यम से वेल्डर, फिटर, विद्युत आकार एवं पेंटर व्यवसाय के युवकों का चयन किया गया है। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य ताराचंद धीमान के आग्रह करने पर जीएमपी टेक्नीशियन सलूशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने कैंपस साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसके द्वारा अभ्यर्थियों के पर्सनल इंटरव्यू के बाद अंतिम चयन में 13 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इन चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी प्रतिमाह 11200 और 800 हाजिरी भत्ता हर महीने दिया करेगी। इसमें पीएफ, बोनस, ग्रेजुटी, कैंटीन सुविधा, वर्दी एवं जूते आदि की सुविधा भी प्रदान करेगी। इस मौके पर प्रधानाचार्य समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

आ चुके हैं।

चुनाव लोकतंत्र का उत्सव, पहचानें वोट का महत्व

आई.टी.आई. चम्बा में सैलिब्रेटिंग डैमोक्रेसीज थीम पर कार्यक्रम का आयोजन

चम्बा, 30 अगस्त, (रणवीर): आई.टी.आई. चम्बा में निर्वाचन विभाग द्वारा सैलिब्रेटिंग डैमोक्रेसीज थीम कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें एस.डी.एम. अरुण शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त जिला रोजगार अधिकारी अरविंद चौहान, इलैक्शन कानूनगो सुनील शर्मा समेत बी.एल.ओ. ने भाग लिया। संस्थान के प्रधानाचार्य ई. विपन शर्मा ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र के उत्सव होते हैं, ऐसे में सभी को अपने वोट के अधिकार की महत्ता को समझना है। सभी प्रशिक्षु अपना वोटर कार्ड बनवाएं और अपने मत का प्रयोग करें। इस अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय सरोल के छात्र कार्तिक द्वारा रचित पावर ऑफ वन वोट रैप गाने को भी प्ले किया गया। नए वोटर्स प्रशिक्षुओं ने फॉर्म-6 भरकर अपना पंजीकरण करवाया और सैल्फी प्वाइंट होर्डिंग के साथ सैल्फी लेकर उत्साह का प्रदर्शन किया।

चम्बा: आई.टी.आई. चम्बा में निर्वाचन विभाग द्वारा सैलिब्रेटिंग डैमोक्रेसीज थीम कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि को सम्मानित करते हुए तथा (दाएं) कार्यक्रम में मौजूद प्रशिक्षु व अन्य। (छायाचित्र)

आईटीआई में 'पावर ऑफ वन वोट' रैप सांग बजाया

निर्वाचन विभाग ने स्वीप के तहत उत्सव सेलेब्रेटिंग डेमोक्रेसी थीम के साथ किया कार्यक्रम का आयोजन

नगर संवाददाता, चंबा

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चंबा में निर्वाचन विभाग की ओर से स्वीप के तहत उत्सव सेलेब्रेटिंग डेमोक्रेसी थीम के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर एसडीएम सदर अरुण शर्मा ने मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थिति दर्ज करवाई।

कार्यक्रम में जिला रोजगार अधिकारी अरविंद चौहान, इलेक्शन कानूनगो सुनील शर्मा और विभिन्न बीएलओ मौजूद रहे। एसडीएम सदर अरुण शर्मा ने सभी प्रशिक्षुओं और स्टाफ का आह्वान किया कि सभी न केवल अपना वोट बनाएं बल्कि फार्म 6 बी भरकर अपना आधार नंबर लिंक करें। अपने गांव में जो वोटर कार्ड नहीं बनवा पाए हैं और एक अक्तूबर 2022 तक 18 वर्ष के हो रहे हैं, की भी वोटर लिस्ट में पंजीकरण करवाने में मदद करें। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में सभी

मतदाताओं को अपनी भागेदारी सुनिश्चित करते हुए मत का उपयोग करना है। संस्थान के प्रधानाचार्य ई. विपन शर्मा ने कहा कि हम सब संप्रभु लोकतांत्रिक देश के नागरिक हैं और चुनाव लोकतंत्र के उत्सव होते हैं। हम सबको अपने वोट के अधिकार की महत्ता को समझना है।

इस अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय सरोल के छात्र कार्तिक प्रधान द्वारा रचित 'पावर ऑफ वन वोट' रैप सांग को भी प्ले किया गया। कार्यक्रम के दौरान पर नव वोटर्स प्रशिक्षुओं ने फार्म 6 भरकर अपना पंजीकरण भी करवाया।